हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 26 मार्च 2025
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत्सर के स्वागत में निकलेगी बाइक रैली



## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा पंजीयन कार्यालय

**जांजगीर-चांपा।** जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री पंजीयन जिला कार्यालय एवं उप पंजीयन कार्यालय मार्च महीने के अवकाश के दिनों में भी खुली रहेगी। कार्यालय महा निरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 29 मार्च शनिवार रविवार 30 मार्च एवं सोमवार 31 मार्च ईद उल फितर के दिन भी पंजीयन एवं उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। इस बात की जानकारी जिला पंजीयक चित्रसेन पटेल ने प्रदान की।

### मुख्यमंत्री के आतिथ्य में होगा सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव

**जांजगीर-चांपा।** तीन दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 27 से 31 मार्च तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महामहोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, जांजगीर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत विधायक सक्ती, व्यास कश्यप जांजगीर चांपा, रामकुमार यादव चंद्रपुर, राघवेन्द्र सिंह अकलतरा, बालेश्वर साहू जैजैपुर, श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक, श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, अध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर, श्रीमती रेखा गढ़वाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर, छबि लाल सूर्यवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष सारागांव सहित जिले के समस्त जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गण सम्मिलित होंगे। महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस 30 मार्च को समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विशाल शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। इस वर्ष शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा सूर्यांश धाम खोखराश से निकल कर महा महोत्सव स्थल सूर्यांश विद्यापीठ, सूर्यांश धाम- सिवनीं तक पहुंचेगी जिसमें समाज में शिक्षा का अलख जगाने वाले पंच परमेश्वरों की झांकी सात सफेद घोड़ों पर आरूढ़ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर महामहोत्सव स्थल सिवनी पहुंचेगे। महामहोत्सव स्थल पर समाज के युवक-युवतियों का आदर्श सामूहिक विवाह किया जाएगा।

### आत्मानंद स्कूल में होगी 6वीं के लिए प्रवेश चयन परीक्षा 30 को

**जांजगीर-चांपा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 30 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 1 जांजगीर में आयोजित किया गया था। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास ने बताया कि उक्त संस्था को परिवर्तन करते हुए उनके स्थान पर बीटीआई प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जांजगीर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

मरीज और उनके परिजनों की बढ़ जाती है परेशानी

# जिले में खल रही मातृ एवं शिशु अस्पताल की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में आज भी मातृ एवं शिशु अस्पताल की अलग से व्यवस्था नहीं बन पाई है। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं के साथ छोटे बच्चों को जनरल वार्ड में ही उपचार कराने की मजबूरी बनी हुई है। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग का अमला इस पर गंभीर नहीं है, जिसका खामियाजा मरीज एवं उनके परिजनों को भुगतना पड़ता है।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले का गठन हुए 27 साल से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन आज भी गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिए अलग से अस्पताल की व्यवस्था आज पर्यंत नहीं बन पाई है। जिसके कारण आज भी शिशु एवं गर्भवती महिलाओं का सरकारी अस्पतालों के जनरल वार्डों में ही उपचार करने की समस्या बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन एक अनुमान के अनुसार 350 से अधिक मरीज उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। इनमें छोटे-छोटे शिशु एवं गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहती हैं, जिनका उपचार किया जाना जरूरी रहता है लेकिन दोनों के लिए अलग से अस्पताल की व्यवस्था जांजगीर जिले में नहीं बन पाई है। ऐसे में मजबूरन सामान्य वार्ड में ही उनका उपचार एवं जरूरत के अनुसार सुरक्षित प्रसव कराना भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन गर्भवती महिलाएं सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से इलाज कराने पहुंचते हैं, ताकि बच्चा जच्चा दोनों सुरक्षित रह सके। इसी प्रकार बड़े पैमाने पर नवजात शिशु एवं अन्य मासूम बच्चे भी उपचार करने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन ऐसे छोटे बच्चों का इलाज नहीं हो पाता है। वही उनको दूसरे जगह उपचार करने की सलाह दे दी जाती है ऐसे में तो नुकसान परिजन एवं पीड़ितों को ही होता है। आज भी मध्यम एवं गरीब वर्ग से आने वाले लोगों की संख्या लाखों में है जो बड़े एवं निजी अस्पतालों में जाकर अपना उपचार नहीं कर पाते। साथ ही साथ पैसे की कमी के कारण सरकारी अस्पताल में जाकर सुरक्षित प्रसव कराने की सोचते हैं। ऐसे में उन्हें समुचित सुविधा नहीं मिल पाने के चलते काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। हालांकि जिला अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मातृत्व एवं शिशुओं का अलग से अस्पताल बनाने को लेकर जानकारी भेजी गई है, लेकिन आज पर्यन्त तक इसकी अलग से व्यवस्था नहीं बन पाई है। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है। जांजगीर स्थित जिला अस्पताल में बलौदा, बम्हनीडीह, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़ सहित अविभाजित जिला सक्ती के कई जरूरतमंद लोग उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल आते है। ऐसे में उन्हें मातृत्व एवं शिशु अस्पताल की कमी महसूस होती है।

#### जिला अस्पताल में स्टाफ का टोटा

जिले के सबसे बड़े अस्पताल बैरिस्टर ठा. छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय में स्टाफ की कमी बड़ी परेशानी बनी हुई है। यह अस्पताल 100 बिस्तर का है। जिसके हिसाब से 36 विशेषज्ञ, 31 चिकित्सा अधिकारी, 126 स्टाफ नर्स और 62 पैरा मेडिकल स्टाफ की जरूरत है। वर्तमान में यहां 5 विशेषज्ञ, 16 चिकित्सा अधिकारी, 38 स्टाफ नर्स और 17 पैरा मेडिकल स्टाफ कार्यरत है। मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते कई सालों से प्रतिदिन 160 से 170 मरीज जिला अस्पताल में भर्ती रहते है। ऐसे में स्टाफ की कमी परेशानी का कारण बन रही है। सीमित स्टाफ और मरीजों की संख्या अधिक होने से कई तरह की दिक्कतें आती है। मरीज जहां उपचार के लिए हलाकान होते है, वहीं स्टाफ भी वर्क लोड से परेशान है। अभी बजट सत्र में जिला अस्पताल को 220 बिस्तर का करने की घोषणा हुई है। इस हिसाब से यहां स्टाफ की काफी कमी है।

#### किया जाता है उपचार

जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव एवं शिशुओं का उपचार भी किया जाता है। दोनों के अलग से अस्पताल को लेकर जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाती है।

**-डॉ. दीपक जायसवाल,**
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल जांजगीर

# जिला गठन के 27 साल बाद भी पर्यटन पर्यावरण विभाग का कार्यालय नहीं

## संबंधित काम करने के लिए आज भी बिलासपुर का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जांजगीर चांपा जिला गठन के 27 साल बाद भी आज पर्यंत पर्यावरण एवं पर्यटन विभाग का कार्यालय तक नहीं बन पाया है। जिसके कारण संबंधित कामकाज के लिए आज भी लोगों को बिलासपुर का चक्कर लगाना पड़ता है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले का गठन 25 मई 1998 को हुआ है जिला गठन के 27 साल बाद भी आज पर्यंत पर्यटन एवं पर्यावरण विभाग का दफ्तर यहां नहीं बन पाया है। जिसके कारण पर्यटन एवं पर्यावरण से संबंधित काम को लेकर लोगों को आज भी बिलासपुर का चक्कर लगाना पड़ता है। जांजगीर चांपा जिले के अंतर्गत केएसके वर्धा पावर प्लांट प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड मड़वा पावर प्लांट सीमेंट प्लांट सहित अन्य करीब 60 से अधिक छोटे बड़े उद्योगों का संचालन किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन हजारों की तादाद में श्रमिक काम कर रहे हैं। इन उद्योग प्रबंधकों को पर्यावरण संबंधित काम करने के लिए बिलासपुर जाना पड़ता है। बिलासपुर में पर्यावरण विभाग का कार्यालय संचालित है। ऐसे में उद्योग प्रबंधक अपने उद्योग के पर्यावरण से संबंधित जानकारी एवं अन्य जरूरी दस्तावेज बिलासपुर स्थित कार्यालय में ही जमा करते हैं। इसी प्रकार जांजगीर चांपा जिले में पर्यटन की दृष्टिकोण से क्रोकोडाइल पार्क, दल्हा पहाड़, देवरी चिचोली, कुदरी बैराज शिवरीनारायण सहित अन्य क्षेत्र पर्यटन के दृष्टिकोण से उपयुक्त है। वही समय के हिसाब से धार्मिक नगरी शिवरीनारायण का विकास एवं विस्तार भी बड़े पैमाने पर हर साल हो रहा है। वही पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के द्वारा हर साल शिवरीनारायण महोत्सव आयोजित भी किया जाता है। ऐसे में पर्यटन विभाग का कार्यालय होने से लोगों को बिलासपुर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। वही विगत 27 सालों से पर्यटन एवं पर्यावरण विभाग का ऑफिस नहीं होने के कारण कई तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। पर्यटन संबंधित समुचित जानकारी भी जिला प्रशासन के पास उपलब्ध नहीं रहती है, जिसका खामियाजा भुगतना भी पड़ता है। जांजगीर चांपा जिले में हर साल पर्यटन के दृष्टिकोण से नई जगह सामने आ रहे हैं।

#### सहेज नहीं पा रहे प्राकृतिक धरोहर

जांजगीर चांपा जिले में कई तरह के प्राकृतिक धरोहर है, जिन्हें सहेज कर रखा जाना है। इनमें जांजगीर शहर के प्राचीन विष्णु मंदिर, कोटगढ़ के मंदिर, शिवरी नारायण के प्राचीन शबरी मंदिर, लक्ष्मणेश्वर मंदिर सहित कई अन्य जगह प्राचीन धरोहर आज भी मौजूद है। हालांकि इनमें से कई धरोहर तो सुरक्षित है लेकिन आज भी ज्यादातर प्राचीन धरोहर को सुरक्षित रखने की आवश्यकता महसूस लगातार की जा रही है, लेकिन इस ओर विभाग का ध्यान नहीं है।

#### करेंगे पत्राचार

पर्यटन एवं पर्यावरण विभाग का कार्यालय को लेकर उच्च अधिकारियों को पत्राचार करेंगे। साथ ही प्राचीन धरोहरों की जानकारी लेकर सुरक्षित रखवाने आदेशित करेंगे।

**-श्रीमती आराध्या राहुल कुमार,**
प्रभारी कलेक्टर
जांजगीर चांपा

# जाज्वल्यदेव महोत्सव कराने उठने लगी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन इस साल अधर में है। जिला मुख्यालय में यह आयोजन फरवरी-मार्च में होते आ रहा है। इस वर्ष चुनावी आचार संहिता के कारण यह आयोजन समय पर नहीं हो सका। प्रदेश के अन्य जिलों में वहां के प्रचलित सभी आयोजन हो रहे हैं। क्षेत्रवासी जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव के आयोजन की मांग कर रहे हैं। जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने महोत्सव का आयोजन अप्रैल महीने में कराने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है।

**खास बात**
- विधायक ने जिला प्रशासन को लिखा पत्र

जिले की पहचान बन चुके जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला की अनदेखी की जा रही है। चुनावी आचार संहिता के कारण इस साल फरवरी माह में महोत्सव नहीं हो सका। जिला जांजगीर चांपा का गठन 1998 में किया गया। जिला गठन के साथ ही यहां कृषि मेले का आयोजन शुरू हुआ। इसके बाद साल 2000 में इसे



विस्तारित करते हुए जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेले का आयोजन प्रारंभ किया गया। यह आयोजन जिले की पहचान है। इस साल आयोजन को लेकर ही असमंजस की स्थिति बनी है। जिला प्रशासन ने फरवरी माह में जाज्वल्यदेव महोत्सव कराने तैयारी शुरू की थी। इसी दौरान नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए आचार संहिता लग गई। चुनाव समाप्त होने के बाद बोर्ड की परीक्षाएं आ गई। ऐसे में आयोजन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही। वहीं दूसरी ओर आचार संहिता समाप्त होने के बाद कई जगहों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिले में भी अब जाज्वल्य देव महोत्सव कराने आवाज उठने लगी है। जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने अप्रेल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजन कराने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित गीत संगीत प्रस्तुतियों के साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को सहजने का यह अच्छा मंच था। इस महोत्सव के माध्यम से जिला दिनोदिन कृषि के क्षेत्र में उन्नतशील होने जा रहा है, जिसकी पहचान राज्य में ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति,परम्परा को सहेजने के साथ ही देश,विदेश में जिले की पहचान दिलाने का काम बेहतर माध्यम है। महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ ही राज्य स्तरीय कलाकारों के माध्यमों से लोक संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा था। उन्नत तकनीक एवं कृषि से संबंधित जानकारी को देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिए जाने देश के कृषि वैज्ञानिको को एग्रीटेक कृषि मेला में प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित कर किसानों को कृषि के बारे में नई तकनीक की जानकारी दिया जाता था, लेकिन इस वर्ष यह महोत्सव नहीं हो पाया, जिसको लेकर जिले के लोग दुखी हैं। अब सारे चुनाव संपन्न हो गए हैं, इसलिए अब इस महोत्सव को करने की जरूरत है।




सायबर जन जागरूकता के तहत दी गई जानकारी

# किसी से भी ओपीटी अथवा पिन शेयर ना करें, रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

किसी भी व्यक्ति के साथ ओपीटी अथवा पिन कोर्ड कभी शेयर नहीं करना चाहिए। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक ना करें। उक्त बातें सायबर जन जागरूकता व यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए पुलिस के आला अधिकारियों ने कही।

ज्ञात हो कि अपराधो को संज्ञान में लेते हुए उचित बचाव के लिए विवेक शुक्ला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में सायबर जन जागरूकता व यातायात नियमों का पालन करने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन 25 मार्च को थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत ग्राम जर्वे च में आयोजित किया



लोगों को जानकारी देते पुलिस के अफसर।

गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सायबर अपराध, सायबर धोखाधड़ी से बचने के लिए थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी ने लोगों से कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपना पिन अथवा ओटीपी शेयर ना करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें। किसी भी अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें। पी.एम. किसान योजना एपलीकेशन संबंधी वाट्सएप मैसेज आने पर डाउनलोड ना करें। टेलीग्राम में टास्क के नाम पर एवं अधिक लाभ देने वाले शेयर ट्रेडिंग से सावधन रहे। ऑनलाईन शांपिग हेतु अधिकृत शापिंग साईड का उपयोग करने की सलाह दी गई। शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी मोटर सायकल नहीं चलाने सहित अन्य जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने योजना का लाभ नहीं मिलने पर कलेक्टर से की शिकायत

**कोरबा।** जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम चिचोली की लगभग 40 महिलाओं को शासन की योजना महतारी वंदन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। फार्म जमा करने के बाद भी महिलाओं का नाम योजना से नहीं जुड़ पाया है। जिसके कारण उन्हें योजना से वंचित होना पड़ रहा है। इसकी शिकायत उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में की है। पूर्व जनपद सदस्य रामप्यारे बिंझवार के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं इसकी शिकायत लेकर पहुंची थी। रामप्यारे बिंझवार ने बताया कि ग्राम चिचोली की महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा किया था।ऑनलाइन नहीं होने के कारण महिला योजना से वंचित हो गई हैं। शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बताती है कि उसने फॉर्म जमा कर दिया था। महिलाओं की शिकायत पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया है कि जब भी योजना का लाभ फिर से शुरू होगा उनका नाम जोड़ा जाएगा।

### जनदर्शन में सुनी गई आम लोगों की शिकायत, प्राप्त हुए 119 आवेदन



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें ग्राम डोंगर तराई-कुटेश्वर नगोई के मोती दास ने भूमि का पट्टा देने की मांग की। ग्राम शिवपुर-पाली की आरती तिर्की ने जाति प्रमाण पत्र, नहर पारा कोरबा की रास्ती बाई ने नोनी सशक्ति योजना में लेबर इंस्पेक्टर द्वारा पैसा मांगने की शिकायत, उरगा के संतोष पाटनवार ने विद्युत विभाग के कर्मचारियां द्वारा मीटर रीडिंग हेतु आवेदन देने पर भी मीटर रीडिंग में सुधार नहीं करने की शिकायत, ग्राम अमलडीहा की मनोज बाई कंवर ने गांव के स्कूल में अहाता निर्माण, कार्यालय उप संचालक पंचायत में सहायक ग्रेड 3 अनिल जाटवार ने अनुकम्पा नियुक्ति की परीवीक्षा अवधि समाप्त करने, बालको के कार्तिक यादव ने सीमांकन करने, ग्राम गिधौरी की होलिका बाई ने मजदूरी भुगतान, ग्राम कोथारी के जितेन्द्र भूषण ने प्रधानमंत्री आवास में उनका चयन करने, ग्राम टूगुंमाड़ा के शत्रुहन लाल ने फर्जी वन अधिकार पटटा, ग्राम चारमार की जुमरातन बाई खान ने गांव के कुछ लोगों द्वारा पीएम आवास निर्माण कार्य को बाधित करने, ग्राम कोरकोमा के संत कुमार ने भूमि कब्जा, ग्राम धवईपुर की बिहान जननी महिला कलस्टर संगठन के महिलाओं ने पानी व शौचालय की व्यवस्था का आवेदन दिया। कलेक्टर ने जनदर्शन से प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियां को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए है।

### जागृति समूह ने कलेक्टर एसपी से की शिकायत



**कोरबा।** ग्राम बिरदा में स्थित महिला जागृति समूह की पूर्व अध्यक्ष तेरस बाई के पति का मृत्यु पश्चात समिति ने सरकारी राशन को बांटने एवं फिंगर मशीन को ऑपरेट करने के लिये समिति के सदस्यो सर्वसम्मिति से रोजी में रामविलास कुर्रे को फिंगर मशीन ऑपरेट करने के लिये रखा गया था, जो धीरे धीरे अपने रसूक का इस्तेमाल करते हुए महिला जागृति समूह के शासकीय राशन के वितरण कार्य को अपने हाथ मे ले लिया और विगत 3 वर्षो से समिति के सदस्यों का फिंगर लेकर चावल देने में आना कानी करता है जिससे सभी महिलायें हिसाब से अंजान उसके बातों में आ गए इस प्रकार जागृति समूह के सदस्य महीने का 35 किलो के हिसाब से हर महीना 3.50 क्वींटल चावल को गबन कर देता है और हद तो तब हो गया जब रामविलास कुर्रे के द्वारा जागृति महिला समूह के नाम पर जनपद द्वारा नियुक्त सक्रिय महिला स्वामी महंत और बैंक अधिकारी से सांठ-गांठ करके समिति के अध्यक्ष से धोखे से दस्तखत कराकर फर्जी तरीके से 1 लाख रू का लोन व अनुदान राशि आहरित कर लिया जिसे हम समूह के महिलाओं को जानकारी हुआ तो हमने इसकी सूचना रिपोर्ट थाना कुसमुण्डा में दर्ज कराया गया है। कलेक्टर से रामविलास कुर्रे के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने आग्रह किया गया है।

### 30 मार्च, 6, 10 एवं 14 अप्रैल को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** 30 मार्च को गुड़ी पड़वा, चैतीचांद, 6 अप्रैल रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती (जैन) एवं 14 अप्रैल को डॉ.अम्बेडकर जयंती के विशिष्ट अवसर पर नगर निगम क्षेत्रांतर्गत पशुवध कार्य व मांस बिक्री की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी।

### छत्तीसगढ़ में पहली बार सर्पदंश प्रबंधन पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

# सर्पदंश प्रबंधन को लेकर विशेषज्ञों ने लगाई पाठशाला, छात्रों को किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल छत्तीसगढ़ राज्य का एक ऐसा वनमंडल है जहां किंग कोबरा पाया जाता है। साथ ही इस जंगल में विभिन्न प्रजाति के अन्य सांपों का भी बसेरा है। लोगों में सर्पदंश प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सके इसके लिए वन विभाग ने एक विशेष कार्यशाला आयोजित की। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से सर्प विशेषज्ञ पहुंचे। विशेषज्ञों ने सांपों को लेकर स्थानीय लोगों की कई भ्रांतियों को दूर किया और सर्पदंश की घटना होने पर पीड़ित को बचाने के लिए उपायो की प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न स्कूलों व कालेजों से पहुंचे छात्र छात्राओं की जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

**खास बात**

- डॉक्टर सहित विशेषज्ञों की टीम ने लिया हिस्सा, जिले के जंगलों में पाया जाता है किंग कोबरा

प्रदेश में 44 प्रतिशत भूभाग वनों से आच्छादित है और यहां का 70 प्रतिशत जनसंख्या आजीविका के लिए आज भी कृषि पर निर्भर है। जिस वजह से यहां पर सांपों के साथ यदा कदा आमना सामना होना एक बात है और इसी वजह से यहां पर सर्पदंश की घटनाएं भी होती है लेकिन अगर राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो छत्तीसगढ़ का नाम सर्पदंश से होने वाली मृत्यु में नहीं आता जिसका एक बड़ा कारण है कि कई सर्पदंश के केस दर्ज ही नहीं होते। आज भी लोग जागरूकता के अभाव में झाड़फूंक पर भरोसा करते हैं। कोरबा वनमंडल एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किंग कोबरा कंजर्वेशन प्रोजेक्ट के तहत एकक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अरविंद पीएम वन मंडल अधिकारी कोरबा वनमंडल ने की। उन्होंने इस कार्यक्रम की नींव और किंग कोबरा कंजर्वेशन प्रोजेक्ट के बारे में लोगों को बताया। इसके पश्चात नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी से एम सूरज ने उपस्थित लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्यों सर्पदंश एक बड़ी समस्या है जिसका हल विशेषज्ञों को एक मंच पर आकर निकालना पड़ेगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर महापौर संजू देवी राजपूत, विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा, कलेक्टर अजीत बसंत, अरविंद पी एम डीएफओ कोरबा, कुमार निशांत डीएफओ कटघोरा, आयुक्त आशुतोष पांडेय, सीएमओ एस एन केशरी, नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, संतोष देवांगन महामंत्री, एसडीओ आशीष खेलवार, एसडीओ एसके सोनी, बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार, जितेंद्र सारथी सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित प्रदेश के अलग अलग जिले से 350 डॉक्टर्स, कई जिलों से 30 रेस्क्यूर्स, मेडीकल कॉलेज से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**प्रदेश में 43 प्रकार के पाए जाते हैं सांप**

सर्प विशेषज्ञ विवेक शर्मा ने सांपों की पहचान कैसे करें के बारे में बताया कि विषैले और विषहीन के दंश के निशान में क्या फरक होता हैं। उनका डिस्ट्रिब्यूशन छत्तीसगढ़ में कैसा हैं। कुल 43 प्रकार के सांप छत्तीसगढ़ में पाए जाते हैं और आम धारणा है कि करैत का विष ज्यादा असरदार होता है लेकिन कोबरा का विष करैत से ज्यादा घातक होता है। नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के एम सूरज ने नेशनल एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन ऑफ स्नैक बाइट इनवेनमिंग एक्शन प्लान के बारे में जानकारी दिया। यह भारत सरकार का प्लान है जिसका उद्देश्य 2030 तक सर्प दंश में मृत्यु के दर को आधा करने का हैं और हाल में भारत सरकार द्वारा सर्प दंश को नोटिफायेबल घोषित करने राज्य सरकार को लिखा। राज्य स्तर पर एक कमेटी बनाने की जरूरत है जिसमें वन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विशेषज्ञ, सर्प बचाव दल के मदद से बनाया जाए जिससे ऐसे मामले देखें तो उनका भी सर्प दंश का इलाज करने में आत्मविश्वास बढ़े।

## गुरुमति एवं दृढ़मति माताजी का कोरबा आगमन आज



जैन साधवी का हो रहा है कोरबा प्रवास।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं पट्टाचार्य श्री 108 समय सागर महाराज जी के संघ की परमपूज्य आर्यिका 105 गुरुमति माता जी एवं आर्यिका 105 दृढ़मती माताजी का 42 पिच्छियों के साथ आर्यिका एवं माताजी का ससंघ विहार कोरबा की ओर हो गया है। ज्ञात हो कि यह 42 पिच्छियों के साथ इतना बड़ा संघ विगत फरवरी 25 से डोंगरगढ़ चंद्रगिरीतीर्थ से सम्मेद शिखर तीर्थ जिला गिरीडीह, झारखंड की ओर हो रहा है। वर्तमान में आर्यिका एवं माताजी का इतना बड़ा संघ कोरबा के इतिहास में पहली बार आगमन हो रहा है।

वर्तमान में 42 पिच्छियों के साथ माताजी का विशाल ससंघ सोमवार को सरईश्रृंगारडोंगरी से विहार कर खिसोरा में आहार चर्या संपन्न हुई। तत्पश्चात विहार कर पंतोरा में रात्रि विश्राम होगा। सुबह मंगलवार को पंतोरा स्कूल से कनवेरी स्कूल के लिए विहार होगा जहां माताजी का ससंघ आहारचर्या संपन्न होगी । इसके बाद ससंघ का विहार सर्वमंगला मंदिर के पीछे स्नेह सदन की ओर होगा जहां रात्रि विश्राम होगा। तत्पश्चात 26 मार्च को सुबह 6 बजे से दिगंबर जैन मंदिर कोरबा के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश होगा । जिसके लिए संपूर्ण जैन समाज के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण कोरबा मैं भव्य मंगल प्रवेश हेतु विशेष तैयारी में जुटे हुए है। एवं जैन मिलन समिति ने संपूर्ण जैन समाज से अपील की है कि इस भव्य मंगल प्रवेश को सफल बनाने हेतु सुबह 6 बजे सर्वमंगलामंदिर के पास पहुंचने का कष्ट करेंगे। माता जी का सत्संग आहारचर्या बुधवार को दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न होगी। इसलिए जैन मिलन समिति कोरबा ने जैन समाज के समस्त सदस्यों एवं महिलाओं को उपस्थित होने की अपील की है।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की पहली बैठक में 112 करोड के बजट का अनुमोदन



बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के सभाकक्ष में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 112.64 करोड़ का अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने की। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा वन विभाग के कार्यों पर चर्चा की गई। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। जिला पंचायत के लेखाधिकारी सुबीर भट्टाचार्य ने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिला पंचायत की अनुमानित प्राप्तियां 113.09 करोड़ रुपये तथा 112.64 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान है। बैठक में अनुमानित बजट अनुमोदन को स्वीकृति प्रदान की गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने ग्रामों में सड़क, पुल-पुलियों के निर्माण और मरम्मत कार्य, ग्रीष्मकाल के मद्देनजर हैंडपंपों के सुधार कार्य, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, तालाब निर्माण आदि जनहित के मुद्दे उठाए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती अनंत सुष्मिता कमलेश, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, रज्जाक अली, श्रीमती सुषमा रवि रजक, विनोद कुमार यादव, श्रीमती माया रूपेश कंवर, कौशल नेटी, विद्वान सिंह मरकाम, वन मंडल अधिकारी कटघोरा निशांत कुमार, उपसंचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साडा कालोनी जमनीपाली में विगत दिनों अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया था। पुलिस ने इस चोरी के मामले को सुलझाते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है।

**खास बातें**

- मध्यप्रदेश से आकर चोरी की घटना को देते अंजाम
- चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त दो नग दोपहिया वाहन जप्त


दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत साडा कालोनी जमनीपाली निवासी ओमप्रकाश साहू के घर से 23 जनवरी को अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषणों सहित लाखों का माल पार किया था। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की खोजबीन शुरु की थी। जिस पर मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी सायबर सेल अजय सोनवानी के मार्गदर्शन मे सउनि संतोष कुमार ताण्डी द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु मध्यप्रदेश रवाना होकर आरोपीगणों को शहडोल एवं अनुपपुर (मध्यप्रदेश) से हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में चंदनियाकला थाना कोतवाली जिला शहडोल (म.प्र.) निवासी दीपक सिंह नेताम उम्र 30 वर्ष पिता रामनरेश नेताम, बसंतपुर दफाई थाना चचई जिला अनुपपुर (म.प्र.) निवासी कमलेश सिंह गोंड़ उम्र 40 वर्ष पिता रमेश सिंह गोंड़ एवं चंदनियाकला थाना कोतवाली जिला शहडोल (म.प्र.) निवासी संतोष सिंह गोंड उम्र 51 वर्ष पिता स्व. फूलचंद सिंह गोड़ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो नग सोने का लॉकेट, दो जोड़ी चांदी का पायल, एक नग चांदी का चैन, एक जोड़ी चांदी का बिछिया एवं नगदी रकम 6 हजार रूपये तथा घटना मे प्रयुक्त दो नग दोपहिया वाहन को जप्त किया गया।



## जिले की विजय सेंट्रल कोल माइंस नीलाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्यिक खनन के तहत 11वें दौर में 12 कोयला खदानों की नीलामी हुई है। जिसमें छग राज्य की दो कोयला खदानें शामिल हैं जिनकी नीलामी हुई है। इनमें भालूमुंडा एवं विजय सेंट्रल कोल माइंस सम्मिलित है, जो रायगढ़ जिले में आती है। इसके अलावा कोरबा जिले के सुंदरगढ़ कोलफील्ड्स के अंतर्गत विजय सेंट्रल कोयला खदान जिले के पसान क्षेत्र में स्थित है। नीलामी में इस कोयला खदान को रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल किया है। इस खदान में 56.750 मिलियन टन कोल रिजर्व है। पूर्व में विजय सेंट्रल कोयला खदान कोल इंडिया और एसकेएस इस्पात एंड पॉवर लिमिटेड को आबंटित हुई थी। बनई और भालूमुंडा एक संयुक्त कोयला खदान है। यह खदान रायगढ़ जिले में स्थित मांड- रायगढ़ कोलफील्ड्स में है। इस खदान में 1376.0757 मिलियिन टन का बड़ा कोल रिजर्व है। नीलामी में जिंदल पावर लिमिटेड ने इस खदान को हासिल किया है। बनई और भालूमुंडा कोयला खदान पूर्व में एनटपीसी को आबंटित थी। विजय सेंट्रल कोल माइंस के अलावा जिले में करतला नार्थ और तीसरी साउथ कोयला खदान का भी सर्वे हुआ है। जिनकी अभी नीलामी नहीं हुई है। जिले में संचालित कोयला खदानों में विजय सेंट्रल कोल मांइस पहली खदान है जो निजी हाथों में गई है। उक्त कंपनी एसईसीएल के चिरमिरी हेड क्वाटर के अंतर्गत संचालित है।



## मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण अन्य विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपर कलेक्टर मनोज बंजारे द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्रस्तुत किए गए एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। अपर कलेक्टर ने सभी राजनैतिक दलों को विगत विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय व स्थानीय निर्वाचन से सम्बंधित अनेक विषयों पर चर्चा करते हुए निर्वाचन में रही खामियों को साथ मिलकर दूर करने और वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु जागरूकता लाने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक दलों को सामूहिक प्रयास करने की बात कही। साथ ही सार्वजनिक उपक्रम के एनटीपीसी, सीएसईबी, बाल्को कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में समय समय पर डोर टू डोर सर्वे कर मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम जुड़वाने अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में निवासरत अधिकतर लोग केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी है, जो कि सेवा कार्य के दौरान स्थानांतरण अथवा सेवानिवृत्त होने की स्थिति में कॉलोनियों में निवास नही करते। उन्होंने ऐसे सभी क्षेत्रों में समय समय पर मतदाता सूची को अद्यतन करने की बात कही। साथ ही जनप्रतिनिधियों की सहयोग से मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अवेर्नेस लाने के प्रयास करने की बात कही। बैठक में राजनीतिक दल के सदस्यों द्वारा सभी मतदाताओं के वोटर आईडी को आधार नंबर से जुड़वाने की दिशा में कदम उठाने के सुझाव दिए गए।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बिष्णुलाल कुर्मी पिता धरमलाल कुर्मी निवासी ग्राम-बहेराडीह तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा छ.ग. का हूं तथा मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम बिष्णुलाल कुर्मी पिता धरमलाल कुर्मी दर्ज है जो कि मेरा वास्तविक एवं सत्य नाम है, जबकि मेरे आधार कार्ड में विष्णु लाल कुर्मी पिता धरमलाल कुर्मी दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। जिसमें सुधारकर वास्तविक नाम बिष्णुलाल कुर्मी पिता धरमलाल कुर्मी दर्ज करवाना चाहता हूं।

दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अलग अलग व्यक्तियों का नाम नहीं है।

अतः मेरे आधार कार्ड में त्रुटिपूर्ण नाम विष्णुलाल कुर्मी को सुधारकर वास्तविक नाम बिष्णुलाल कुर्मी पिता धरमलाल कुर्मी किये जाने पर जिस किसी संस्था, व्यक्ति, निकाय को दावा/आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति कर सकते है। अवधि पश्चात दावा/आपत्ति अमान्य होगा व नाम निर्विवाद मानकर आधार कार्ड मे सुधार किया जावेगा।

दिनांक 25/03/2025

भवदीय
बिष्णुलाल कुर्मी
पिता धरमलाल कुर्मी
ग्राम बहेराडीह तहसील सारागांव

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फेलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

25-Mar- KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/25/2025 7:50 PM Page 1





# सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज होगी 'रेड 2'

**मुंबई।** 'रेड 2' 2018 में आई फिल्म 'रेड' का सीक्वल है। फिल्म में वाणी कपूर के अलावा रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। 24 मार्च को 'रेड 2' के निर्माताओं ने अजय देवगन का पहला लुक पोस्टर जारी किया है। जिसमें वह आईआरएस अमय पटनायक के रूप में नजर आए। पोस्टर के कैप्शन में लिखा, 'नया शहर, नई फाइल और अमय पटनायक की एक नई रेड। रेड 2, 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है।

लाइफ Style



# दीपिका

## ऑस्कर को 'नाइंसाफी' पर लगाई लताड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की सुपरस्टार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने एकेडमी अवॉर्ड्स को कोसा है। एक्ट्रेस ने सीधे शब्दों में यह इशारा किया है कि क्या वाकई भारतीय फिल्मों को जानबूझकर दूर रखा जाता है? उन्होंने 'लापता लेडीज' जैसी बेहतरीन फिल्म को ऑस्कर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है और इसे 'नाइंसाफी' करार दिया है।

दीपिका से पहले बीते दिनों कंगना रनौत भी ऑस्कर अवॉर्ड्स पर भड़क गई थीं। उन्होंने सधे हुए शब्दों में कहा था कि अमेरिका अपना सच कभी नहीं स्वीकार करता कि वह ऑस्कर सिर्फ अपने पास रखता है। कंगना ने यह भी कहा था कि अगर हॉलीवुड के पास ऑस्कर है, तो भारत में भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हैं। किरण राव के डायरेक्शन में बनी 'लापता लेडीज' भारत की ओर से ऑस्कर 2025 के लिए ऑफिशियल एंट्री थी, लेकिन इसे नॉमिनेशन नहीं मिला। यह पहली बार नहीं है, जब कोई भारतीय फिल्म ऑस्कर जीतने से चूक गई। दीपिका पादुकोण ने इस हार पर खेद जताते हुए कहा है कि किसी अच्छी इंडियन फिल्म को ऑस्कर की रेस से बाहर कर देना पली बार नहीं हुआ है। भारतीय सिनेमा और भारतीय टैलेंट के साथ यह 'नाइंसाफी' बार-बार, कई बार हुआ है। दीपिका पादुकोण पेरिस में फैशन ब्रांड 'लुई वुइटन' एक शो में हिस्सा लेने पहुंची हैं। रविवार, 23 मार्च की शाम को उन्होंने शो के लिए तैयार होते हुए अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें उन्होंने ऑस्कर अवॉर्ड्स के बारे में बात की। याद दिलाया कि साल 2023 में एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के 'नाटू नाटू' को ऐतिहासिक जीत मिली थी।

## हॉलीवुड मसाला



# हैली की शेयर की प्यारी तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** सोमवार को पॉप स्टार जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पत्नी हैली की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रही है। अब प्रशंसक उनकी इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। जस्टिन बीबर ने हैली की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें वह शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में हैली ने कैजुअल आउटफिट पहना हआ है।



# 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन 5 जल्द होगा रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' बच्चों के साथ-साथ बड़ों के बीच भी काफी लोकप्रिय सीरीज है। अब जल्द ही इसका पांचवा सीजन आने वाला है, जो नेटफिक्स पर ही रिलीज होगा, लेकिन इसका पांचवां सीजन दो भागों में रिलीज किया जाएगा। स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन पांच, दो हिस्सों में रिलीज होगा। पहले छह एपिसोड 10 अक्टूबर को आएंगे, जबकि आखिरी दो एपिसोड 27 नवंबर को रिलीज होंगे। टेड ने कहा कि उन्हें पता है कि कहानी कैसे खत्म होगी और यह इतना शानदार होगा कि कोई भी इसे देखकर अपनी आंसुओं को नहीं रोक पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की दुनिया को किताबों, सामानों और लाइव स्टेज शो के जरिए भी बढ़ाया जा रहा है। लंदन के वेस्ट एंड में इसका प्रीक्वल स्टेज शो चल रहा है, जो जल्द ही ब्रॉडवे पर भी आएगा। सीजन 5 में कुल आठ एपिसोड होंगे और कुछ नए कलाकार भी इसमें शामिल होंगे।



# ताहिरा जापान में हिरणों से घिरी दिखीं...

**मुंबई।** निर्माता ताहिरा कश्यप ने हाल ही में जापान का दौरा किया। ताहिरा ने अपने सफर के शानदार पलों को फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आयुष्मान खुराना की पत्नी लेखिका और फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप ने हाल ही में जापान में छुट्टियां मनाईं। अपने इस शानदार सफर के दौरान उन्होंने नारा डियर पार्क का दौरा किया और वहां पर हिरणों को खाना खिलाया। ताहिरा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने सफर की तस्वीरें शेयर की और फैंस के साथ अपने इस सुखद पलों को साझा किया। सोमवार को ताहिरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी जापान यात्रा की तस्वीरें और वीडियो शेयर की। इन तस्वीरों और वीडियो में ताहिरा को जानवरों से बातचीत करते हुए और स्प्रिंग ब्रेक का आनंद लेते देखा जा सकता है।



# 'विदाउट प्रेजुडिस' 28 को होगा रिलीज

**मुंबई।** गुरु रंधावा के फैंस लंबे समय से उनके नए गाने या एल्बम की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब उनका इंतजार खत्म होने वाला है। गुरु रंधावा ने अपने नए एलबम के लिए वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। यह साझेदारी गुरु रंधावा के करियर में अहम साबित होगी, क्योंकि साल 2023 के बाद रंधावा अपना पहला स्टूडियो एल्बम 'विदाउट प्रेजुडिस' रिलीज करने को तैयार हैं। गुरु रंधावा के आगामी एल्बम में कुल नौ गाने संकलित होंगे। इसमें स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज, कतल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, कित्थे वसदे ने, सारे कनेक्शन और गल्ला बातें शामिल हैं। इसका पहला सिंगल 'गल्ला बातें' म्यूजिक वीडियो के साथ 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। इस एल्बम में जहर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकार शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' का 'ये पागल औरत' को कर दिया था बैन...

**नई दिल्ली।** चाहे आप 90 के दशक के किड हो या फिर जेन जेड, एक शो है, जिसने हर जेनरेशन के बच्चों-बड़ों को गुदगुदाया है। इसका नाम है- तारक मेहता का उल्टा चश्मा। ये सीरियल करीब 15 सालों से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। कई सारे ट्विस्ट और टर्न के साथ जेठालाल और दयाबेन की केमिस्ट्री को कोई आजतक भुला नहीं पाया है। जेठालाल का रोल दिलीप जोशी और दयाबेन का रोल दिशा वकानी ने निभाया था।जी हां, दिलीप जोशी ने हाल ही में बताया कि इस डालयॉग को क्यों हटाया गया था। वो हाल ही में कॉमेडियन सौरभ पंत के पॉडकास्ट पर आए, जहां उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका फेमस डायलॉग 'ये पागल औरत' कभी स्क्रिप्ट में था ही नहीं! ये दरअसल उनका खुद का इम्प्रोवाइजेशन था। एक इंप्रोम्प्ट लाइन, जो दिशा वकानी के शानदार एक्सप्रेशन के साथ मिलकर परफेक्ट कॉमिक मसाला बन गई। और बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, इतिहास है। ये हिट हो गया। दिलीप जोशी ने कहा, 'ये जो 'पागल औरत' वाला था, वो मैंने इंप्रोवाइज किया।' हालांकि, कुछ लोगों को ये डायलॉग पसंद नहीं आया। एक्टर ने बताया कि एक वुमेन राइट्स ग्रुप ने इस फ्रेज पर आपत्ति जताई और इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया। ऐसे में **TMKOC** के निर्माताओं ने शो से इस लाइन को पूरी तरह से हटाने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'बाद में, उसपे कुछ वुमेन लिब.. या कोई मूवमेंट था, मुझे बताया गया, आगे से आप ये नहीं बोलेंगे।'

## प्रियंका और अंकित की राहें हुई जुदा

**नई दिल्ली।** हाल ही में टीवी सीरियल की एक चर्चित एक्ट्रेस प्रियंका चाहर का बॉयफ्रेंड अंकित गुप्ता से ब्रेकअप हो गया है। अंकित भी टीवी के एक नामी एक्टर हैं। प्रियंका और अंकित ने अपने ब्रेकअप पर अभी तो



खुलकर कुछ नहीं कहा है लेकिन ये दोनों एक शो 'तेरे हो जाएं हम'कर रहे थे, जिसे अंकित ने छोड़ दिया है। इस बात से लगता है कि सच में दोनों की राहें जुदा हो चुकी हैं। इस ब्रेकअप ने फैंस का भी दिल तोड़ दिया है। लेकिन यह पहली बार नहीं है, पहले भी टीवी सीरियल्स में काम करने वाले कलाकारों का ब्रेकअप हुआ है। ऋत्विक धनजानी और आशा नेगी दोनों ही टीवी सीरियल 'पवित्र रिश्ता' के सेट पर मिले थे। इस सीरियल के सेट पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। दोनों को प्यार हुआ, ऋत्विक धनजानी और आशा नेगी ने अपने रिश्ते को स्वीकार भी किया। लेकिन कुछ सालों तक रिलेशनशिप में रहने के बाद इनकी राहें भी जुदा हो गईं। सीरियल 'प्रतिज्ञा' में मुख्य भूमिका निभा चुकीं पूजा गौड़ भी लंबे वक्त तक टीवी एक्टर राज सिंह अरोड़ा के साथ रिलेशनशिप में रहीं।

# अमर अकबर एंथनी और दीवार का रीमेक बनाना चाहते हैं नितेश

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी अभिनेता रणबीर कपूर और साई पल्लवी के साथ रामायण बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म पर अपडेट का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अपने कॅरियर और फिल्म निर्माण की यात्रा के बारे में बात की। इसके साथ ही उन्होंने हिंदी सिनेमा की दो बड़ी क्लासिकल फिल्मों के रीमेक के बारे में भी बात की। नितेश तिवारी से जवा कोमल नाहटा के साथ साक्षात्कार के दौरान पूछा गया कि 1970 के दशक की कौन सी फिल्म का रीमेक बनाया जाएगा और उसमें वह किसे कास्ट करेंगे तो नितेश ने जवाब दिया, 'या तो अमर अकबर एंथनी या दीवार, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं आज इसके लिए कास्ट कर सकता हूं। हमारे एक्टर्स लोग रेडी नहीं होंगे सर। अमर अकबर एंथनी और दीवार के लिए आज की डेट में बनाना बहुत मुश्किल है सर। आज के समय में अमर अकबर एंथनी या दीवार बनाना बहुत मुश्किल है।' अमर अकबर एंथनी भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसमें विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने किया था। दूसरी ओर, दीवार में भी अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया था। सलीम-जावेद द्वारा लिखित और यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा में एंग्री यंग मैन की छवि में क्रांति ला दी। साथ ही जब नितेश से उनके अगले निर्देशन के लिए मिर्जापुर 4 और एनिमल पार्क में से चुनने के लिए कहा गया तो उन्होंने रणबीर की फिल्म को चुना।



# 14 की उम्र में डेब्यू, 800 फिल्मों में किया काम, मरने से पहले गरीबों को करोड़ों की संपत्ति दान कर गई ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के कई स्टार्स हैं, जो अपनी मोटी कमाई का एक हिस्सा संस्था के जरिए जरूरतमंद लोगों और अनाथ बच्चों पर खर्च करते हैं। इंडियन सिनेमा में भी ऐसे कई स्टार्स हैं, जो ऐसा सराहनीय काम कर रहे हैं। अब जिसकी बात कर रहे हैं, वो इंडियन सिनेमा की एक खूबसूरत एक्ट्रेस श्रीविद्या वसंथा कुमारी हैं, जिनके साथ एक्टर्स काम करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। वसंथा कुमारी के जन्म के एक साल बाद ही उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद सारी जिम्मेदारी उनकी मां पर आ गई। वहीं, वसंथा कुमारी ने भी घर की जिम्मेदारी को देखते हुए महज 14 साल की उम्र में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख दिया था।



***रजनीकांत और कमल हासन संग किया काम :***

थिलागम शिवाजी गणेशन स्टारर फिल्म 'थिरुवरुचेलवन' से वसंता कुमारी ने फिल्मों में एंट्री ली थी। इसके बाद फिल्म पेट्टाराशी पेट्टाम्मा से टॉलीवुड डेब्यू किया। वसंता कुमारी एक खूबसूरत एक्ट्रेस होने के साथ-साथ एक्टिंग में भी पक्की थी। इसके अलावा वसंता कुमारी ने अपने डांस से भी खूब कमाल किया था। शुरुआती फिल्मों में सफल होने के बाद श्रीविद्या को और फिल्मों के ऑफर आने लगे। फिल्म निर्देशक नारायरणन की मदद से एक्ट्रेस को खूब काम मिला। रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म अपूर्व मंगलम में भी वसंता ने काम किया। श्रीविद्या ने अपने फिल्मी करियर में 800 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था।

## छात्रों को दान की करोड़ों की संपत्ति

श्रीविद्या ने सिनेमा में अपने करियर की दूसरी पारी शुरू की और तमिल, तेलुगू के साथ-साथ मलयालम फिल्मों में भी अलग-अलग किरदारों में नजर आईं। साल 2003 में वसंता को सांस संबंधी बीमारी हो गई थी और फिर वह कैंसर की चपेट में आ गईं, लेकिन अपनी मौत से पहले श्रीविद्या बहुत नेक काम कर गईं। श्रीविद्या ने फिल्मों से कमाई करोड़ों रुपये की संपत्ति को संगीत और नृत्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप के रूप में दान कर दिया। श्रीविद्या ने एक्टर गणेश की मदद से एक फाउंडेशन की स्थापना की और बच्चों को मदद पहुंचाई. श्रीविद्या तीन साल तक कैंसर से लड़ीं और साल 2006 में 53 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

## उनकी पहली फिल्म ही बनी थी पाकिस्तान की पहली फिल्म, शुरुआत हुई थी लॉलीवुड

# ये है हिंदी सिनेमा का सबसे क्रूर विलेन, डाकू बनकर कर दी सारी हदें पार

***नई दिल्ली।** अगर फिल्मों के खलनायक की बात हो तो आपके जहन में कौन-कौन से एक्टर्स के नाम आते हैं। यकीनन अमरीश पुरी, प्राण, अमजद खान, मदन पुरी से लेकर डैनी डेंग्जोंगपा और फिर संजय दत्त, प्रकाश राज व नवाजुद्दीन सिद्दीकी के नाम आए होंगे। लेकिन, क्या कभी आपने सोचा है कि बॉलीवुड का पहला विलेन कौन था? कौन था वो सुपरस्टार हीरो जो पहली बार फिल्मों में नेगेटिव रोल के जरिए छा गया। ये कोई और नहीं बल्कि हीरालाल ठाकुर थे, जिन्हें हीरालाल के नाम से जानते हैं। जिन्होंने फिल्मों में 53 साल से भी ज्यादा गुजार दिए। कभी वह स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर भी देश के काम आए तो फिर हिंदी सिनेमा में भी खूब योगदान दिया. तो चलिए बताते हैं कि आखिर वह कैसे पहले विलेन कहलाते हैं।*

## कौन थे हीरालाल ठाकुर

हीरालाल का जन्म 1912 में पड़ोसी देश लाहौर में हुआ। वह बचपन से ही एक्टिंग के शौकीन थे। कहते तो ये भी हैं कि वह हीरो के तौर पर नहीं विलेन के तौर पर ही शुरू से काम करना चाहते थे। उन्हें रामलीला में भी रावण का रोल सबसे दिलचस्प लगता था। फिर जैसा सोचा वैसा ही हुआ। उनकी किस्मत भी उन्हें खलनायक के रोल्स में खींच लाईं और खूब शोहरत हासिल की।





## इनसे बड़ा विलेन कोई नहीं

फिर हीरालाल कोलकाता चले आए और न्यू थिएटर्स से जुड़ गए। आगे चलकर मुंबई में उनकी पहली फिल्म बादल (1951) थी जिसमें वह सरदार के रूप में दिखे थे। फिल्म में उनके अपोजिट मधुबाला थी। जहां वह लालच में आकर सबका नाश कर देता है। फिर आगे चलकर उन्होंने डाकू से लेकर हत्यारे की भूमिका निभाकर साबित कर दिया कि उनसे बेहतर कोई 'विलेन' नहीं हो सकता।

## हीरालाल ठाकुर की फिल्में

हीरालाल ने एक्टिंग शुरू की नाटक के जरिए। वह पहले रामलीला किया करते थे। फिर उन्होंने साल 1928 में फिल्मों में एंट्री मारी। मतलब ये लगा लीजिए हिंदुस्तान में 1913 में पहली फिल्म राजा हरिश्चंद्र आई थी और चंद साल बाद ही हीरालाल भी फिल्मों में सक्रीय हो गए। उन्होंने शंकरदेव आर्या की फिल्म 'डॉटर्स ऑफ टुडे'से डेब्यू किया।

## देश का भी दिया साथ...

हीरालाल ठाकुर ने देश की आजादी में भी भाग लिया था। 14 साल की उम्र में वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के एक्टिविस्ट बन गए। फिर उन्होंने भगत सिंह से लेकर लाजपत राय के साथ देश का साथ दिया। साल 1981 में हीरालाल का निधन हो गया।

## बॉलीवुड के पहले विलेन

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि हीरालाल की पहली फिल्म ही पाकिस्तान की पहली फिल्म बनी थी जिसके साथ लॉलीवुड की शुरुआत हुई। हीरालाल इसके बाद अब्दुर राशिद करदार की सफदर जंग में नजर आए जहां उन्होंने पठान का रोल प्ले किया। ये वो दौर था जब साइलेंट फिल्में आया करती थीं। फिर साल 1928 से 1948 तक करीब 20 फिल्मों में वह नेगेटिव रोल में दिखे। कभी एक आंख वाले गंजे आदमी के रूप में तो कभी बाबा के रूप में। हर बार उन्होंने बतौर नेगेटिव विलेन गहरी छाप छोड़ी। इस तरह वह पहले विलेन भी बन चुके थे।

## बेटे की मौत और उजड़ गया परिवार

हीरालाल की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 1945 में दारापरानी संग शादी की। उनके 5 बेटे और एक बेटी हुई। उनके पर सबसे बुरी तब बीती जब 35 साल के जवान बेटे इंद्र, बहू और पोते का एयर इंडिय फ्लाइट 1982 के ब्लास्ट में मौत हो गई। ये बेटे वही थे जिन्हें आपने नदिया के पार फिल्म में चंदन के छोटे भाई ओमकार के रूप में देखा था।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ बीमा क्लेम अन्वेषक के रूप मे अभिजीत को अवार्ड



**चांपा।** मुंबई के हिल्टन होटल मे मैग्मा जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा इन्वेस्टिगेशन एवं फ्राड कंट्रोल यूनिट का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ से एक मात्र सर्वश्रेष्ठ बीमा क्लेम अन्वेषक के रूप मे चांपा के अभिजीत थवाईत को अवार्ड प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि बीमा क्लेम अन्वेषक का काम चुनौती भरा रहता है। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना से संबंधित जैसे शारीरिक क्षति, मृत्यु, संपत्ति क्षति के मामले मे बीमा क्लेम करता है तो उस स्थिति मे अन्वेषक को घटनास्थल, पर जाकर घटना के हर पहलुओं को बारीकी से जांच करना होता है। इस जांच के दौरान अन्वेषक को एक ओर जहां कंपनी के हित की चिंता रहती है तो दूसरी ओर मानवीय दृष्टिकोण का भी ख्याल रखना पड़ता है। इस दोहरे चिंता के बीच अन्वेषक को वास्तविक तथ्यों को खोज निकालना उसके कार्यकुशलता की पहचान होती है। अभिजीत को सर्वश्रेष्ठ बीमा क्लेम अन्वेषक के रूप मे अवार्ड मिलने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है।

### शिरीष पाठ मंदिर में चल रही नवरात्रि की तैयारी



**डोंगाकोहरौद।** शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद में नवरात्रि की तैयारी चल रहा है। यहां पूरे नवरात्रि पर्व में जसगीत के साथ माता भजन निरंतर चलता है। यहां नवरात्री के दोनों पर्व में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाते हैं, जिसके लिए स्थानीय भक्तों सहित दूरदराज से भक्तगण अपनी अपनी मनोकामना दीप जलवाते हैं। चैत्र नवरात्रि 30 मार्च को घट स्थापना के साथ प्रारंभ होगी, जो 6 अप्रैल को जवारा विसर्जन के साथ समाप्त होगी। मंदिर की व्यवस्था के लिए नव जागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति के साथ स्थानीय ग्रामवासी जुटे हुए हैं। अधिक से अधिक भक्तों को माता के दरबार में जसगीत गायन , सहित दर्शन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है वहीं प्रतिदिन की महाआरती शाम 7 बजे विधि विधान से संपन्न होगी।

### संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती आज

**तनौद।** ग्राम तनौद के साहू समाज भवन में बुधवार 26 मार्च को सुबह 11 बजे से महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू,विशिष्ट अतिथि प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सदस्य,कार्यक्रम का अध्यक्षता ग्रंथ साहू होंगे आयोजन के संबंध में ग्राम तनौद के ग्रंथ ने बताया कि 26 मार्च बुधवार को सुबह 11 बजे से साहू समाज भवन तनौद में महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद करमा नृत्य जस जागरण झांकी पार्टी बलौदा बाजार के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उसके बाद सामाजिक बंधुओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर साहू समाज तनौद के द्वारा स्वजातीय बंधुओं के साथ राजेश साहू,ओमप्रकाश,नागेश्वर साहू, नारायण साहू,गनेश्वर,छोटे लाल साहू,आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### परमेश्वर का हुआ अग्नि वीर में चयन



**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा के युवा परमेश्वर साहू का अग्निवीर में चयनित होने पर परिवार सहित ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है। परमेश्वर साहू तुस्मा निवासी मन्नू लाल साहू के सुपुत्र है। परमेश्वर साहू ग्राम के पहला युवक है जिनका अग्नि वीर आर्मी जैसे पद में चयन हुआ है। वे करीब दो सालों से देश की सेवा में जाने के लिए तैयारी में जुटे हुए थे। परमेश्वर साहू गरीब परिवार से तालुक रखते है उनकी सफलता से माता-पिता में काफी हर्ष है।

### घिवरा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 29 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा में श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन शनिवार 29 मार्च को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। कथा व्यास पंडित कृष्णकांत महाराज श्रीधाम वृंदावन वाले होंगे। कथा का समापन 6 अप्रैल रविवार को होगा। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासी तैयारी में लगे हुए हैं।

### हिंद सेना युवा ब्रिगेड के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बने जितेंद्र



**अकलतरा।** हिंद जनसेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित हिंद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश वैद्य के द्वारा ग्राम परसाही नाला के युवा जितेंद्र पोर्ते को हिंद सेना युवा ब्रिगेड का कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर जितेंद्र पोर्ते ने कहा कि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत कर भारत देश को सर्वश्रेष्ठ बनाना हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है। युवाओं में देश प्रेम की भावना भरकर एवं उन्हें एकजुट करते हुए समाज में सकारात्मक कार्य किया जाएगा।

### ग्रामीणों को निस्तारी में हो रही समस्या

# गर्मी बढ़ने के साथ कम होने लगा तालाबों का जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना



कम हुआ तालाब का जल स्तर।

लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी के चलते तालाबों के जल स्तर कम होने लगा है। क्षेत्र के कई तालाबों में सिर्फ से 3 से 4 फीट ही पानी बचा है। ऐसे में लोगों को अभी से निस्तारी की समस्या होने लगी है। वहीं पानी गंदा होने के चलते नहाने पर लोगों में चर्म रोग की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

गौरतलब है कि मार्च माह में ही जिले का तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। गर्मी बढ़ने के साथ जहां लोगों को दोपहर के समय घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं सूर्य के तपिश के चलते गांव सहित आसपास के गांवों में लगातार जल स्तर कम होने लगा है। जिला मुख्यालय जांजगीर चांपा से 30 से 35 किलोमीटर सुदूर स्थित गांव के तालाबों में जलस्तर घटने लगा है। अब तालाब सूखने की स्थिति में आ गया है। जहां तालाब में गहराई से तीन से चार फीट पानी ही बचा हुआ है। लोगों को तालाब में नहाने से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तालाब में दो से तीन लोग एक साथ नहाने पर तालाब में जमा कीचड़ ऊपर आने से गंदा हो जा रहा है। वहीं इस गंदे पानी से बदबू भी आने लगी है। जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गोधना, कुकदा, सलखन, कुरियारी, तेंदुआ, रिंगनी सहित दर्जनभर गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और तालाब में कम पानी हो जाने जाने से उसमें नहाने पर पानी खुरदुरा एवं लोगों में खुजली की शिकायतें सामने आ रही हैं। वहीं आगामी समय में गांव में शादियां भी होगी जिससे लोगों के घर मेहमान आएंगे और लोगों को स्नान करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यदि तालाब में नहर के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है तो लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकता है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से तालाब में जलापूर्ति हेतु प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर से मांग करने की बात भी कही। ग्रामीणों ने बताया कि अप्रैल एवं मई माह में ज्यादा गर्मी पड़ने पर कई सरकारी एवं निजी हैण्डपंप एवं बोर के पानी नीचे चला जाता है। इसके चलते भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों से अभी से ही इस दिशा में पहल करने की मांग की है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा को विक्रम संवत्सर के स्वागत में निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में चर्चा कर अंतिम रुपरेखा तैयार करते समिति के पदाधिकारी।

चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा को विक्रम संवत्सर 2082 के स्वागत के लिए सनातनी समाज द्वारा भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाल जाएगी।

मोटरसाइकिल रैली मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान भाटापारा से सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। रैली कचहरी चौक होकर बस्ती होते हुए

- शनि मंदिर प्रांगण में हुई बैठक में तैयार की गई अंतिम रुपरेखा

शारदा चौक से नैला रेलवे स्टेशन, वहां से नेताजी चौक फिर वहां से लिंक रोड से बी टी आई चौक होते हुए कचहरी चौक के पहले दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में इसका समापन होगा। साथ ही उपस्थित सभी लोगों के द्वारा वहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। भारत माता की जयकारे के साथ नववर्ष पर सभी लोग उत्साहपूर्वक इस रैली में शामिल होंगे। 30 मार्च रविवार को हिंदू नव संवत्सर एवं 6 अप्रैल को श्री रामनवमी शोभायात्रा निकालने श्री रामनवमीं जन्मोत्सव समिति के द्वारा भीमा तालाब स्थित शनि मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा की अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। श्री राम जन्म महोत्सव 6 अप्रैल रविवार को नगर में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। नैला रेलवे स्टेशन के पास गायत्री मंदिर के पीछे स्थित श्री राम मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी । इस पैदल शोभा यात्रा में नगर एवं आसपास के ग्राम के महिला, पुरुष ,बालवृंद पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। 6 अप्रेल रविवार को नैला रेलवे स्टेशन स्थित श्री राम मंदिर से जो शोभायात्रा निकलेगी। उस रैली में सबसे आगे कर्मा नृत्य रहेगा, जिसमें 35 महिलाओं का समूह है। उसके पीछे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी भव्य का रथ रहेगा। रथ के दोनों तरफ झूमर वाली लाइट लगी रहेगी। श्री राम जी के रथ के पीछे में माताएं ,बहनें हमारी मातृशक्ति शामिल होंगी। उसके पीछे लंबी ट्राली में कहरा पारा की ऐतिहासिक झांकी रहेगी, जिसमें जीवंत स्वरूप में श्री रामायण के पात्र अपनी विभिन्न भावभंगिमा के साथ शामिल होंगे। शोभा यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण लाइव आर्केस्ट्रा रहेगा। शोभायात्रा में सभी पुरूष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पायजामा के साथ शामिल होंगे। उसके पीछे डी जे चलेगा ,जिसमें सिर्फ श्री राम जी से संबंधित भजन के साथ इस शोभायात्रा की शक्ति हमारे छोटे बच्चे नृत्य करेंगे। बैठक में प्रदीप तिवारी, संजय सिंह ठाकुर, महेश शर्मा, प्रवीण उपाध्याय, इंद्र शर्मा, अनिल तिवारी, राधा कृष्ण गोपाल, संजय कुमार कसेर, दिनेश दुबे, अजीत गढ़वाल, राकेश रूपवानी, रजनीश अग्रवाल, मनोज राठौर, नवीन राठौर, मनोज पाण्डेय, योगेश गोपाल, राजेश कुमार शर्मा ,वीरेंद्र शर्मा, रविकांत मिश्रा, सिद्धांत तिवारी, गोलु दुबे ,रोहन शुक्ला,उदय पाण्डेय, ओम प्रकाश शर्मा ,गोपेश्वर कहरा, गुलाब घरदीवान, आकाश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वेल विशर फाउंडेशन ने दिया पंखा एवं स्टेशनरी सामान



**अकलतरा।** ग्राम महमदपुर में बच्चो को निशुल्क पढ़ाने वाली जागृति कँवर को वेल विशर फाउंडेशन के द्वारा उनके कोचिंग के लिए पंखा व स्टेशनरी सामान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य दीपक साहू ने बताया कि जागृति खुद आर्थिक समस्या से जूझते हुए भी बच्चो को उनके बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा दान कर रही है। विपरीत परिस्थितियों में भी जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा अपने कंधों पर उठाकर शिक्षा का मशाल जला रही जागृति कंवर जैसे लोगों का उत्साहवर्धन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। वेल विशर फाउंडेशन जागृति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और आगे भी उसकी मदद के लिए ततपर है ताकि समाज में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे ।कुछ दिन पूर्व संस्था के प्रयास से युवा नेता आंनद प्रकाश मिरी द्वारा भी आर्थिक मदद किया गया था। इस मौके पर प्रमोद कैवर्त वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री मति रंजना सिंह, सदस्य गौतम साहू,शरद सिंह, सतीश मानिकपुरी,सौरभ सिंह उपस्थित रहे।

# देश को आजाद कराने भगत सिंह ने अपना पूरा जीवन कर दिया न्योछावर : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




श्रद्धा सुमन अर्पित करते कामरेड के पदाधिकारी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा ने शहीद भगत सिंह सुकदेव राजगुरु के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए देश को आजाद कराने में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया।

शहीद ए आज़म भगत सिंह के 94 वें बलिदान दिवस पर उन्हें तथा उनके साथ के बलिदानियों को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा शक्ति द्वारा याद कर श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा शक्ति द्वारा शहीद भगत सिंह सुकदेव राजगुरु के शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पार्टी के सदस्यों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा ने कहा कि भारत की आजादी के लिए भगत सिंह ने अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया। वह कई बार जेल गए अंग्रेजों की प्रताड़ना झेली लेकिन हार नहीं मानी नहीं माफी मांगी, बल्कि ब्रिटिश सरकार को देश से बाहर निकलने का अपना प्रयास जारी रखा। भारत के आजादी के दीवानों में जोश भरने के लिए असेंबली में बम फेंक, गूंगी बहरी अंग्रेज सरकार को भारत की आजादी की आवाज सुनने मजबूर किया। श्रद्धांजलि सभा को फते चंद लोधी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह सुकदेव राजगुरु युवकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है शहीदों को ब्रिटिश हुकूमत .ने लाहौर षड्यंत्र केस के आरोप में फांसी की सजा सुनाई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उक्त श्रद्धांजलि सभा में कामरेड अनिल शर्मा के अलावे कामरेड दशरथ बरेठ कामरेड गोपाल यादव कामरेड नकोमल सोनी कामरेड विनोद द्विवेदी कामरेड आशीष शर्मा कामरेड गुड्डा देवांगनऔर कामरेड हेमलाल लाल देवांगन उपस्थित थे

**खास बात**

- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शहादत दिवस पर भगत सिंह, सुकदेव व राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

## पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**अकलतरा।** ओपन लिंक फाउंडेशन विनोबा ऐप के तत्वाधान में आयोजित पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शिक्षिकाओं को आज बीआरसी कार्यालय अकलतरा में एबीईओ श्रीमती स्वाति राठौर , बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस एवं जिला विनोबा टीम के सदस्य भूपेंद्र चंद्रा की उपस्थिति मे सम्मानित किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कटघरी की शिक्षिका सुनीता देवी कमलवंशी को फरवरी महीने के विकासखंड स्तरीय पोस्ट ऑफ मंथ विनर होने पर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला खिसोरा की शिक्षिका श्रीमती बबीता कुर्रे को विनोबा टीम की तरफ से लाइब्रेरी बैग प्रदान किया गया। शिक्षिका बबीता कुर्रे ने बताया कि पुस्तकों को बच्चों के स्तर के अनुरूप में व्यवस्थित करने एवं बच्चों द्वारा रचनात्मक लेखन कार्य को संकलित करने के लिए यह लाइब्रेरी बैग बहुत ही उपयोगी है इसमे एक बार मे 100 पुस्तकें रखी जा सकती है। शिक्षकों द्वारा ओपन लिंक फाउंडेशन विनोबा एप्प को धन्यवाद दिया गया।



## ब्रह्माकुमारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



कार्यक्रम में उपस्थित नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं अन्य।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति भवन खरौद सेवाकेंद्र में नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खरौद सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी मंजु दीदी ने सम्मान समारोह में अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान करते हुए ईश्वरीय कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हम सभी एक परमात्मा की संतान आपस में आत्मा रूप में भाई-भाई है, हमें एकमत होकर सनातन संस्कृति की रक्षा करनी है,नगर को व्यसन मुक्त बनाना है, युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाना है, नगर के विकास को प्राथमिकता देना है एवं कभी भी हमारी सेवा की आवश्यकता पड़े तो हम बहनें हमेशा तैयार हैं।

सभी को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर, पगड़ी, बैज, अंग वस्त्र, श्री फल, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया, साथ में सभी को प्रसाद पैकेट वितरण किया गया। अध्यक्ष गोविंद यादव ने कहा कि संस्था को जो भी सहयोग प्रदान करने की जरूरत होगी तो हम सदैव अपनी ओर से भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने संस्था से अपने पुराने संबंधों, अनुभवों से, विचारों से गौरवांवित किया। आभार व्यक्त संस्था के पुराने सदस्य डॉ के के तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन बीके ज्योतिलक्ष्मी बहन एवं संस्था का परिचय ब्रह्माकुमारी चंद्रकांता बहन ने दिया। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पार्षदों में श्रीमति दीपशिखा यादव, श्रीमति गेंदबाई आदित्य, नेहरू राही, हुल्लास साहू, हे कृष्ण साहू, परमानंद रोहिदास, सत्यम सिदार, गोविंद धृतलहरे, मनोरंजन यादव, एल्डरमैन राजेश यादव, राजेश आदित्य, अशोक आदित्य आदि उपस्थित रहे।

## पंद्रह साल बाद प्रारंभ हुआ नगर का मवेशी बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



लगा मवेशी बाजार।

नगर का प्रसिद्ध मवेशी बाजार लगभग पंद्रह साल के लम्बे अंतराल के बाद गुरुवार से फिर प्रारम्भ हुआ।

ज्ञातव्य है कि अविभाजित बिलासपुर जिले में सक्ती और शिवरीनारायण के मवेशी बाजार सबसे प्रमुख थे। गुरुवार साप्ताहिक बाजार के दिन आम बगीचे में मवेशी बाजार लगता था। जहां दूर दूर से व्यापारी और खरीदर आते थे। खरीदारी होने के कारण नगर पंचायत के राजस्व में भी वृद्धि होती थी। यही नहीं इस बाजार के चलते शिवरीनारायण के अन्य व्यापारियों को भी फायदा मिलता था। पंद्रह साल पहले विवाद के चलते यह प्रसिद्ध बाजार महानदी के उस पार गिधौरी में लगने लगा। इससे शिवरीनारायण के व्यापारिक छवि को भी नुकसान पहुंचा और मवेशी बाजार के सहारे रोजगार कर रहे लोगों को भी बड़ा नुकसान हुआ। लम्बे अंतराल के बाद नगर पंचायत ने इस बाजार को पुनः शिवरीनारायण में लगाने के लिए निर्णायक पहल की और इसके लिए नगर के धान मंडी परिसर को चिन्हित कर बड़े पैमाने पर साफ सफाई कराई गई। पहले बाजार में 147 मवेशी की खरीदी बिक्री हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष राहूल थवाईत ने बताया कि मवेशी बाजार शिवरीनारायण के व्यापारिक पहचान का प्रतीक था और इसे दुबारा नगर में लगाना प्राथमिकता में है।

### आनंदमधाम अमरताल में हुई बैठक, अब तक 11 बटुकों का हो चुका है पंजीयन

# ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच करेगा सामूहिक उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उपस्थित नारी नवचेतना मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य।

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा बटुकों का उपनयन संस्कार श्री अग्रसेन भवन नैला-जांजगीर में आयोजित किया जाएगा।

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों की मासिक बैठक एवं होली मिलन में समिति की वरिष्ठ सदस्या निशा मिश्रा के संयोजनकत्व मे आनंदम धाम अमरताल में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सभी सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन कर की गई, जिसमें सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजन हेतु चर्चा की गई। समिति की सक्रिय सदस्य सीता पाण्डेय ने बताया कि बटुकों को धोती, गमछा,टोपी, पूजन सामग्री ,नाश्ता एवं भोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ग्यारह बटुकों का पंजीयन किया जा चुका है और पंजीयन की तिथि 15 अप्रैल तक है। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे। बटुकों के उपनयन संस्कार के लिए इच्छुक परिजन समिति से श्रीमती नीरा शर्मा, श्रीमती जयंती दुबे, श्रीमती सीता पाण्डेय, श्रीमती बीना दुबे, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती आशा दुबे, श्रीमती नम्रता शर्मा से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते है । इस अवसर पर दुर्गा जी के 108 नाम लिखने हेतु प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर जयश्री शर्मा, द्वितीय स्थान वीना शर्मा एवं तृतीय स्थान किरण पाण्डेय को प्राप्त हुआ। होली मिलन के अवसर पर सभी सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उत्साह वर्धन बढ़ाने के लिए नीरा शर्मा एवं नीलू पाण्डेय द्वारा फागगीत की रंगारंग प्रस्तुति दी गईं। अंत मे सभी बहनों द्वारा फूलों की होली खेली गई । ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा, सीता पांडेय, जयश्री शर्मा,नीलू पाण्डेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे, निशा मिश्रा, नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा, किरण पांडेय, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा,विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा,जूही गौरहा इस अवसर पर उपस्थित थे।

